# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)**
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक : 3580 / W-19 / 92 दिनांक : 02 / 07 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :–<u>दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **''कूरेभार में पानी टंकी तैयार, 'हर घर जल' शुरू नहीं: 473.52 लाख की योजना से ग्रामीण वंचित, जल्द शुरू करने की मांग'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–कूरेभार में कूरेभार पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, उच्च जलाशय (350 किली0 / 12 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–18.08 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–891 नग, सोलर–01 नग हैं। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–01 पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग पूर्ण, वितरण प्रणाली–14.03 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–230 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग (90%) पूर्ण है। योजना की लागत रू0 473.50 के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को 217.80 लाख का भुगतान हो चुका है। योजना के अवशेष पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है।

योजनाओं को धीमी प्रगति होने के कारण फर्म के विरूद्ध अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/JJM (Sultanpur)/2026-27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा 1% अतिरिक्त **2%** L.D. अध्यारोपित किया गया है। कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/66 दिनांक 02.07.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के अवशेष कार्यो को दिनांक 20 जनवरी, 2027 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**


**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री पी0के0 छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।

अधिशासी अभियन्ता

75/ D:\Suren\Paper Cutting ( Nagative Cliping)/ dainik bhaskar

## विकासखण्ड–कूरेभार में कूरेभार पाइप पेयजल योजना के कार्यस्थल का फोटोग्राफ









**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: [illegible]
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1ZA

**Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/66** **Date: 02.07.2026**

**To,**
**Executive Engineer (Civil)**
**U.P Jal Nigam (Rural)**
**Sultanpur, Uttar Pradesh**

**Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).**

**Subject :- Submission of Completion Plan of Kurebhar (Block Kurebhar).**

**Dear Sir,**

**With Reference to above subject, We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Kurebhar (Block Kurebhar).Total Estimate Cost Rs 473.5 Lakhs & Net Payment Received Rs 217.8 Lakhs. The Scheme will be fully handover till January 2027.**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | Distribution(Kms) | 18.08 | 14.03 | 4.05 | 28-Sept-2026 |
| 6 | FHTC(Nos) | 891 | 230 | 661 | 26-Dec-2026 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 1 | 0 | |
| 8 | Regular Water Supply | 891 | 0 | 891 | 20-Jan-2027 |
| 9 | OHT( 350 KL 12M Staging)-Job | 1 | 0.9 | 0.1 | 10-Aug-2026 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized signatory)



Scanned with OKEN Scanner

# कूरेभार में पानी टंकी तैयार, 'हर घर जल' शुरू नहीं: 473.52 लाख की योजना से ग्रामीण वंचित, जल्द शुरू करने की मांग

धर्मराज दुबे | कूरेभार, सुलतानपुर
1 दिन पहले




पानी टंकी तैयार, 'हर घर जल' शुरू नहीं।

सुलतानपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि, कूरेभार बिकास खंड के कई गांवों में निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसा ही मामला कूरेभार ग्राम पंचायत में पेयजल योजना का सामने आया है।

यहां पानी की टंकी और अन्य निर्माण कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं, लेकिन आज तक अधिकांश घरों में नल (टोटी) नहीं लगाए गए हैं और योजना का संचालन भी शुरू नहीं हो सका है। योजना स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार, इस परियोजना का निर्माण बीटीएल-गाजा (जेएल) द्वारा लगभग 473.52 लाख रुपये की लागत से कराया गया है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

फीडबैक दें

वीडियो
और देखें

आज का राशिफल
मेष
मेष | Aries

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

भी हैंडपंप और निजी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

ग्रामीण राम कुमार यादव ने कहा, "सरकार ने अच्छी योजना बनाई है, लेकिन जब तक घर-घर नल नहीं लगेंगे और पानी की सप्लाई शुरू नहीं होगी, तब तक इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा।" श्याम बहादुर वर्मा ने बताया, "काफी समय पहले पाइपलाइन डाल दी गई थी। हमें उम्मीद थी कि जल्द ही नल से पानी मिलेगा, लेकिन आज तक योजना शुरू नहीं हो सकी।"

विनोद अग्रहरी ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी की समस्या और बढ़ जाती है। अगर योजना समय पर चालू हो जाए तो गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, मिथलेश कुमारी ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द घरों में टोटी लगवाकर नियमित जलापूर्ति शुरू करने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर योजना का संचालन शुरू कराए। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हुई पेयजल योजना तभी सार्थक होगी, जब हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से शुरू हो सके।इस संबंध में कूरेभार ग्राम प्रशासक गीता देवी सुरेश कसौधन ने बताया कि सम्बंधित बिभाग से इस परियोजना को जल्द शुरू करने की मांग की गई है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

भावनाओं में आकर कोई भी फैसला न लें। किसी रिश्तेदार के घर आने और बातचीत से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आपसी विचारों का ...
और पढ़ें

## खबरें और भी हैं...

**नकली बतीसा मिठाई बनाने वाले गिरोह पर FIR:** सुल्तानपुर में कॉपीराइट उल्लंघन का मामला दर्ज, शिकोहाबाद का है एक आरोपी



सुलतानपुर ›

**राहुल गांधी के वॉयस मिलान मामले में सुनवाई टली:** समय के अभाव के कारण प्रभावित हुई कार्रवाई, कोर्ट कल फिर करेगी सुनवाई





सुलतानपुर ›

**सुल्तानपुर में किया गया आजाद वर्मा का अंतिम संस्कार:** परिजनों ने की एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई की मांग की, स्थानीय विधायक नहीं पहुंचे




सुलतानपुर ›

**NSUI का पेपर लीक, बेरोजगारी पर प्रदर्शन:** सुल्तानपुर में शिक्षा मंत्री के पोस्टर लेकर सरकार को घेरा, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी




सुलतानपुर ›

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com
Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें